भिलाई और दुर्ग शहर के बीच दिखेगा आकर्षक नजारा, सड़क किनारे होगा सौंदर्यीकरण का काम, विभिन्न प्रजाति के पौधे बिखरेंगे अपनी सुंदरता, सड़के भी होंगी चकाचक, आयुक्त रोहित व्यास ने स्पॉट पर पहुंचकर देखा प्लान, कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने दिए निर्देश

भिलाई नगर/ भिलाई से दुर्ग शहर के बीच से गुजरने वालों को अब एक अलग ही नजारा देखने को मिलेगा। सड़कों के किनारे आकर्षक पौधो के साथ सौंदर्यीकरण का काम किया जाएगा और भी विभिन्न तरह के विकास कार्य किए जाएंगे। इसकी प्लानिंग और कार्यों की प्रगति देखने आयुक्त रोहित व्यास स्पॉट पर पहुंचे। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से कहा कि विभिन्न प्रजातियों के पौधों का चयन इसके लिए कर ले, डिवाइडर में चार प्रकार के प्रजाति के पौधे रोपित कर इन्हीं पौधों को आगे बढ़ाते चलें , ताकि एक समरूप पैटर्न में सुंदरता की झलक लोगो को देखने को मिले। पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा नेहरू नगर चौक के समीप से मिनीमाता चौक तक सौंदर्यीकरण एवं विकास का कार्य किया जा रहा है। उप अभियंता गगन जैन ने आयुक्त को जानकारी देते हुए बताया कि सड़कों को चकाचक करने सड़क डामरीकरण किया जा रहा है , सड़क किनारे के रिक्त स्थलों में सौंदर्यीकरण करने की कार्य योजना है , दीवाल में आकर्षक म्यूरल पेंटिंग भी बनाया जायेगा। दुर्ग के बीआईटी के समीप चौपाटी और गार्डन तैयार किए जाएंगे। सड़कों में प्रकाश व्यवस्था भी की जा रही है , आकर्षक रोप लाइट लगाने का भी प्लान बनाया जा रहा है। धूल मुक्त सड़क बनाने के लिए ड्रेन और सड़क के बीच इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाए जाएंगे। डिवाइडर में ग्रिल और पेंटिंग की जाएगी तथा पौधे रोपित करने का कार्य प्रारंभ हो गया है। निगम आयुक्त रोहित व्यास ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से कहा कि गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए तीव्रता से इन सभी कार्यों को संसाधन बढ़ाकर करें ताकि शीघ्र अति शीघ्र राहगीरों को इसका लाभ मिल सके। पीडब्ल्यूडी के द्वारा किए जा रहे कुछ कार्य प्रगति पर है और कुछ अभी प्रारंभ नहीं हो पाए हैं , इन सभी कार्यों की रफ्तार बढ़ाने के निर्देश निगम आयुक्त रोहित व्यास ने दिए। इस दौरान जोन आयुक्त राजेंद्र नायक, कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा, सहायक अभियंता विनीता वर्मा एवं वसीम खान तथा उप अभियंता श्वेता वर्मा आदि मौजूद रहे।